हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 21 जून 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 सीसीएफ पाठक ने किया निरीक्षण, अवैध...



07 ऐतिहासिक धरा अब रच रही आधुनिक विकास का...



## खबर संक्षेप

### पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून

**सीहोर।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 की छात्रवृत्ति हेतु MPTAAS पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। जिन विद्यार्थियों ने अभी तक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं किया है वे अंतिम तिथि से पहले आवेदन कर दें। इसके साथ ही जिले की सभी शैक्षणिक संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी संस्था में अध्ययनरत सभी पात्र विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति का आवेदन कराएं।

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का दौरा कार्यक्रम

**सीहोर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 21 जून को प्रातः 11:30 बजे इछावर पहुंचेंगे और लोक कल्याण शिविर में शामिल होंगे। इसके बाद वे 03 बजे भैरूंदा पहुचेंगे और लोक कल्याण शिविर में शामिल होंगे। इसके बाद वे 06 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### 30 जून तक चलेगा विशेष अभियान

**सीहोर।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश ने देश में एक गौरवशाली और ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित की है। राज्य शासन, नगरीय निकायों तथा ऋणदाता संस्थाओं के समर्पित प्रयासों एवं सक्रिय सहयोग से प्रदेश में अब तक 10 लाख से अधिक पथ विक्रेताओं को सफलतापूर्वक लाभान्वित कर उनके स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त किया जा चुका है। इस योजना की पहुँच को अंतिम छोर तक और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में 01 जून 2026 से विशेष अभियान संचालित किया जा रह है, जो 30 जून तक चलेगा।

### सिकल सेल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**सीहोर।** विश्व सिकल सेल दिवस पर सीहोर के गल्ल मंडी स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर संजीवनी क्लिनिक पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था में आए मरीजों को सिकल सेल रोग के बारे में जानकारी दी गई और इसके लक्षणों, उपचार और बचाव के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ ही सभी का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

### व्यापारी बोले: किसानों पर ही निर्भर हैं बाजार, अच्छी फसल आने पर ही होती है बाजारों में रौनक


# मानसून की बेरुखी ने बढ़ाई चिंता, अब तक नहीं आया खेतों में सूखा पड़ा तो बाजारों में पसर जाएगा सन्नाटा

### ई-टोकन, डीजल की किल्लत के बाद अब किसानों के सामने मानसून की प्राकृतिक परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला पूरी तरह से कृषि प्रधान है और यहां की 80 फीसदी आबादी ग्रामीण अंचलों में बसती है। जिले के बाजार पूरी तरह से किसानों पर ही निर्भर हैं। खेत में अच्छी फसल मतलब बाजार में रौनक और अगर फसल पर संकट तो बाजार से रौनक गायब। जबकि इस बार अलनीनो के असर ने मानसून की रफ्तार पर ऐसा ब्रेक लगाया है कि जून का आधा महीना बीत जाने के बाद भी आसमान से राहत की एक बूंद नहीं बरसी है। आमतौर पर 15 जून तक आने वाला मानसून 19 जून तक भी नहीं आ सका है और मौसम विभाग की मानें तो अभी एक हफ्ते से ज्यादा का समय और लग सकता है।

बता दें इस सूखे की आहट सिर्फ खेतों तक सीमित नहीं है। जिला मुख्यालय सहित आष्टा, बुदनी, रेहटी, भैरुंदा और इछावर के प्रमुख बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है और व्यापारियों के चेहरे पर चिंता साफ देखी जा सकती है। बारिश नहीं होने से जहां किसान चिंतित है तो दूसरी और बाजारों में व्यापारी भी निराश



नजर आ रहे हैं। व्यापारियों का सीधा सा तर्क है कि अच्छी फसल आने पर ही बाजार चमकेगा, नहीं तो पूरा धंधा ही चौपट हो जाएगा।

#### इंद्रदेव को मनाने गाए लोक गीत

खरीफ फसलों की पैदावार को लेकर किसानों में असमंजस और डर का माहौल है। अब भगवान इंद्रदेव को मनाने के लिए ग्रामीण इलाकों में जतन शुरू हो गए हैं। जिला मुख्यालय के पास स्थित ग्राम चंदेरी में किसान एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में किसानों ने खेतों में बैठकर ढोलक-मंजीरे की थाप पर पारंपरिक लोकगीत गाए और अच्छी बारिश के लिए सामूहिक प्रार्थना की। किसानों का कहना है कि हर साल जून के दूसरे सप्ताह तक पानी आ जाता था, लेकिन इस बार आसमान में बादलों का नामोनिशान नहीं है। किसान खेतों की जुताई कर तैयारियां पूरी कर चुके हैं, लेकिन सूखी मिट्टी बोवनी की इजाजत नहीं दे रही है। अगर दो-चार दिनों में पानी नहीं गिरा तो बोवनी का सही समय निकल जाएगा।

#### खाद की कतार, डीजल के नियम और अब मौसम की मार

जिले के किसानों के लिए परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। किसान पहले ही ई-टोकन के माध्यम से खाद हासिल करने के लिए कतारों में धक्के खा रहा था। इसके बाद प्रशासन का यह नया नियम कि ट्रैक्टर में केवल दो हजार रुपये का ही डीजल मिलेगा, केन में नहीं, उसने किसानों की मुसीबत और बढ़ा दी। इन सब प्रशासनिक मार के बाद अब मानसून की बेरुखी ने अन्नदाता को पूरी तरह संकट में डाल दिया है।

#### किसान के पास पैसा होगा, तभी तो चलेगा बाजार

बता दें ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सीधा असर जिले के बाजारों में देखने को मिल रहा है। स्थानीय व्यापारियों ने खुलकर अपनी चिंता जाहिर की है। कपड़ा व्यवसायी लखन वर्मा ने बताया कि हमारा आधा से ज्यादा व्यापार ग्रामीण ग्राहकों पर टिका है। मानसून लेट होने से किसान अभी बोवनी ही नहीं कर पाया है। जब किसान की फसल ही नहीं आएगी और उसकी जेब में पैसा नहीं होगा तो वह शहर आकर कपड़े या गाड़ी क्यों खरीदेगा, पूरा मार्केट सुस्त पड़ा है। किराना व्यापारी अनिल सिसोदिया ने बताया कि बोवनी लेट होने की आशंका से दालें और खाद्य तेल के दाम अभी से बढने लगे हैं। अगर किसानों की लागत बढ़ी तो बाजार में हर चीज महंगी होगी और इसका सीधा असर आम आदमी की रसोई के बजट पर पड़ेगा।

#### बढ़ सकता है आर्थिक संकट

जानकारों के मुताबिक यह चिंता गलत नहीं है। बाजार की इस मंदी का असली कारण इन सूखे खेतों में छुपा है। यदि समय रहते पानी नहीं बरसा तो फसलों का उत्पादन घटेगा, जिससे महंगाई तेजी से बढ़ेगी। नतीजतन अब भगवान इंद्र को मनाने के लिए जतन शुरू हो गए हैं।

## आदेश के डेढ़ वर्ष बाद भी नहीं किया जीर्ण-शीर्ण स्कूल भवन डिस्मेंटल, वर्षाकाल में हो सकती है कोई दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में स्थित एक जीर्ण शीर्ण स्कूल भवन को डिस्मेंटल करने के आदेश डेढ़ वर्ष पूर्व जारी हुवे थे, लेकिन इस बिल्डिंग को आजतक डिस्मेंटल नही किया गया है। आगामी वर्षाकाल में यह बिल्डिंग कभी भी धराशाही हो सकती है जिसके कारण कोई बड़ी घटना भी हो सकती है।

नगर में स्थित शासकीय कन्या उत्कृष्ट उमावि का पुराना भवन जोकि जीर्ण शीर्ण अवस्था मे होने के कारण इसे डिस्मेंटल करने के आदेश पीडब्ल्यूडी को डेढ़ वर्ष पूर्व कलेक्टर के आदेश से संयुक्त कलेक्टर द्वारा दिये गए थे। लेकिन डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी इस जीर्ण शीर्ण भवन को डिस्मेंटल नही किया गया है।

कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी आदेश क्रमांक/सामान्य/2024/587 दिनांक 16/12/2024 के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी के 08/06/2022 के पत्र अनुसार शासकीय कन्या उत्कृष्ट उमावि का पुराना भवन जोकि जीर्ण शीर्ण अवस्था मे है जोकि शाला के किसी भी प्रकार के उपयोग में नही आ रहा है। छात्राओं की सुरक्षा की दृष्टि से इसे राइट ऑफ करवाया जाना है। आदेशानुसार उपरोक्त सम्बंध में कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग आगर के पत्र



क्रमांक/1697/टीएस/2022-23 दिनांक 23/12/2023 व क्रमांक/2110/जीर्ण शीर्ण/2024-25 दिनांक 18/11/2024 द्वारा अपने पत्र संलग्न प्रस्तुत मूल्यांकन की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। उक्त भवन अत्यंत जीर्ण शीर्ण अवस्था मे है, उपयोग योग्य नहीं है। भवन के राइट ऑफ किये जाने की अनुशंसा की गई है।

कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग आगर की अनुशंसा के आधार पर कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेश में कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को उक्त भवन के डिस्मेंटल हेतु नियमानुसार विज्ञप्ति जारी कर टेंडर की कार्यवाही किये जाने के साथ ही इसे डिस्मेंटल करने की अनुमति प्रदान की गई थी।

अब यहाँ आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि वर्ष 2023 में लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वयं इसे जीर्ण शीर्ण अवस्था का पाकर इसे डिस्मेंटल करने की अनुशंसा की गई थी, वहीं लोक निर्माण विभाग डिस्मेंटल के आदेश के डेढ़ वर्ष बाद भी इसे डिस्मेंटल नही कर पाया है। उक्त जीर्ण शीर्ण भवन के समीप ही वर्तमान में सांदीपनि विद्यालय संचालित हो रहा है जिसमे लगभग 1600 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। ऐसे में आगामी वर्षाकाल में यदि उक्त जीर्ण शीर्ण भवन धराशायी हो जाता है और उसके कारण कोई अनहोनी घटना घटित हो जाती है तो उस घटना का जिम्मेदार कौन होगा।

जिला प्रशासन द्वारा तत्काल उक्त मामले को संज्ञान में लेकर लोक निर्माण विभाग को आदेशित कर जीर्ण शीर्ण भवन को डिस्मेंटल करवाया जाना चाहिए।

## किसान को खेत में दिखा टाइगर ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**रेहटी ।** शेर सुनने में मजा आता है, शेर सुनाने में भी मजा आता है, लेकिन जब शेर सामने आ जाए तो फिर... ऐसा ही हुआ रेहटी तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत बारधा में भी हुआ। यहां बीती रात जंगल से भटककर एक टाइगर रिहायशी इलाके के पास आ पहुंचा। ग्रामीणों का दावा है कि टाइगर को देखकर पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और आस-पास के गांवों में दहशत का माहौल बन गया।

दरअसल किसान मिट्ठूलाल युदवंशी रात के समय अपने खेत में ट्रैक्टर चला रहा था। इस दौरान अचानक एक टाइगर खेत में आ धमका। ट्रैक्टर की रोशनी में टाइगर को इतनी नजदीक देखकर वहां मौजूद किसान के होश उड़ गए। इस मौजूद साथी ने अपने मोबाइल फोन से टाइगर का वीडियो भी बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। राहत की बात यह रही कि टाइगर कुछ देर खेत में रुकने के बाद वापस सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर लौट गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। भले ही टाइगर वापस जंगल में चला गया है, लेकिन गांव के बिल्कुल नजदीक उसकी मौजूदगी से आस-पास के आधा दर्जन से अधिक गांवों में भारी भय का माहौल है। बारधा के साथ-साथ पड़ोसी



ग्राम खेरी, बोरधी, झोलियापुर, जमोनिया, भड़कुल और आमडो के ग्रामीण बेहद डरे हुए हैं। किसानों को अब रात के समय खेतों में जाने और फसल की रखवाली करने में डर लग रहा है। ग्रामीणों द्वारा इस पूरी घटना की जानकारी तुरंत वन विभाग की टीम को दे दी गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में हिंसक वन्यजीवों के हमले से ग्रामीणों और मवेशियों को बचाया जा सके। वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने और रात के समय अकेले खेतों की ओर न जाने की सलाह दी है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बगलामुखी परिसर में कार्यक्रम आज

**नलखेड़ा।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर में आज सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम मां बगलामुखी मंदिर परिसर पर आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम "स्वस्थ आयु के लिए योग" निर्धारित की गई है। योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिले भर में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नलखेड़ा में नगर परिषद की ओर से प्रातः 6.00 बजे से प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक संगठनों के सदस्य, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्थाएं, पत्रकार गण तथा नागरिक सहभागी बनकर योगाभ्यास करेंगे। कार्यक्रम में योग विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की क्रियाओं का अभ्यास कराया जाएगा तथा योग को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## मां बगलामुखी मंदिर से मोटरसाइकिल चोरी

### लगातार हो रहीं बाइक चोरी की घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नही ले रही हैं। शुक्रवार रात्रि को फिर एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई है।

विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं लगातार हो रही है। शुक्रवार रात्रि लगभग 9.30 बजे नगर के ही निवासी पीरूलाल खरे की मोटरसाइकिल सीडी डीलक्स क्रमांक एमपी 70 सी 7468 अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गया।

मोटरसाइकिल चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। गौरतलब है कि नगर सहित माँ बगलामुखी मंदिर से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इनमें से अधिकांश द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज नही करवाई जाती है और यदि कोई शिकायती आवेदन दिया भी जाता है तो पुलिस उस पर अधिक गंभीरता नही दिखाती है। इसी के चलते बाइक चोरों के हौंसले बुलंदी पर दिखाई दे रहे हैं।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पूर्व पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरों को पकड़ा गया था। इनके द्वारा कई वारदाते कबुली गई थी, लेकिन पुलिस द्वारा उसका खुलासा आज तक नही किया गया है।

#### चोरों की तलाश...

माँ बगलामुखी मंदिर से शुक्रवार रात्रि को बाइक चोरी हुई है, इसके पूर्व भी बाइक चोरी की घटना हुई है। पुलिस बाइक चोरों को पकड़ने में जुटी है, शीघ्र ही चोर गिरफ्त में होंगे। गत दिनों जो चोर पकड़ में आये थे उनके द्वारा अन्य स्थानों पर बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था।

**नागेश यादव,** थाना प्रभारी, पुलिस थाना नलखेड़ा

## डॉग बाइट की घटनाओं को रोकने और आवारा कुत्तों के प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश

**सीहोर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हाल ही में उज्जैन में घटित हुई डॉग बाइट की घटना को दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी जनपदों एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों को जिले में घूमने वाले आवारा कुत्तों के प्रभावी नियंत्रण के लिये विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये गये है। अभियान के अंतर्गत निरीक्षण कर आवारा कुत्तों को चिन्हित किया जाएगा। इसके साथ ही कुत्तों का आवश्यकतानुसार परीक्षण कर रोगों से पीड़ित या आक्रामक कुत्तो के उपचार, वैक्सीनेशन और शेल्टर स्थल में रखे जाने का कार्य भी किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्नश्री सिंह ने बताया कि डॉग बाइट की घटनाओं को रोकने के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा भी पूर्व में दिशा निर्देश जारी किए जा चुके हैं, जिनका पालन सुनिश्चित करने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जाएगा।

### अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

# योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य बारेलाल अहिरवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण एवं विकास से संबंधित विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में विभागों द्वारा योजनाओं की वर्तमान स्थिति एवं उपलब्धियों की जानकारी प्रस्तुत की गई। उन्होंने अधिकारियों को शासन



की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर विशेष बल दिया। उन्होंने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए अनुसूचित जाति वर्ग के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, संयुक्त कलेक्टर रविंद्र परमार, जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक अरविंद कुशवाह, कैलाश बगाना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## छत से घर में घुसे चोर, 11 लाख के जेवर व नकदी लेकर फरार, संदेह- बदमाशों ने पहले रैकी की

**सीहोर।** इछावर नगर में एक बार फिर चोरी की बड़ी वारदात हो गई। खेड़ीपुरा स्थित राजेश श्रीवास्तव के घर से चोर गुरुवार देर रात करीब 11 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए। बड़ी सफाई से वारदात को अंजाम दिया। सुबह घटना की जानकारी मिली।

जिस तरह से चोरी को अंजाम दिया गया है, उससे यह आशंका जताई जा रही है कि बदमाशों को घर और परिवार की गतिविधियों की



पहले से जानकारी थी। स्थानीय लोगों के बीच इस वारदात में किसी परिचित की संलिप्तता की भी चर्चा है, हालांकि इसकी पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए छानबीन में जुटी है और संदिग्धों की तलाश कर रही है।

**एक साल में दर्जनों वारदातें, पुलिस के हाथ अब भी खाली :** यह कोई पहली घटना नहीं है। बीते एक साल में इछावर में कई बड़ी चोरियां हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली के कारण आज तक कोई बड़ा खुलासा नहीं हो सका। हर बार की तरह इस बार भी पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### गणेश मंदिर के सामने चौपाटी स्थल पर होगा सामूहिक योग कार्यक्रम

**देवास।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को जिले में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय सहित विकासखण्डों और नगर परिषदों में किया जाएगा। 21 जून रविवार को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। जिला मुख्यालय पर देवास में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रम गणेश मंदिर के सामने चौपाटी स्थल पर सुबह 06 बजे से आयोजित होगा। सामूहिक योग कार्यक्रम के दौरान जिले के जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, सामाजिक संगठन, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, स्वयंसेवी संस्थाएं, छात्र-छात्राओं एवं नागरिकगणों द्वारा एक साथ योग किया जायेगा। कलेक्टर सिंह ने बरसात के मौसम को दखते हुए मल्हार मंदिर देवास में वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। सिंह ने निर्देश दिए कि जिला मुख्यालय के साथ-साथ सभी विकासखण्डों और नगर परिषदों में अनिवार्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएं। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं, युवाओं और अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ गरिमामय आयोजन की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

### नीट परीक्षार्थियों के लिए निशुल्क बस व्यवस्था

**देवास।** नीट परीक्षा 21 जून (रविवार) के लिए परीक्षा केन्द्र शासकीय विधि महाविद्यालय मक्सी रोड देवास पर परीक्षार्थियों को पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन देवास द्वारा दो बसों की व्यवस्था की गई है जिन परीक्षार्थियों का परीक्षा केन्द्र शासकीय विधि महाविद्यालय, देवास है वे परीक्षार्थी निःशुल्क बस सेवा का उपयोग कर सकते है। बस देवास रेल्वे स्टेशन पर प्रातः 9.30 बजे उपलब्ध रहेगी एवं प्रातः 11 बजे परीक्षा केन्द्र हेतु प्रस्थान करेगी।

### वन अमले पर हमले के बाद सख्त हुआ वन विभाग,दोषियों पर होगी कार्रवाई

# सीसीएफ पाठक ने किया निरीक्षण, अवैध अतिक्रमण पर जीरो टॉलरेंस की चेतावनी

**13 जून को भील आमला जंगल कक्ष क्रमांक 94 में अवैध अतिक्रमण हटाने पहुंची वन विभाग की टीम पर हुआ था हमला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा


फाइल फोटो



सब रेंज कमलापुर अंतर्गत भील आमला के जंगल में वन विभाग की टीम पर हुए हिंसक हमले के बाद वन विभाग पूरी तरह हरकत में आ गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए उज्जैन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) आलोक कुमार पाठक ने शुक्रवार को स्वयं मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से पूरे मामले की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।गौरतलब है कि 13 जून को भील आमला के जंगल के कक्ष क्रमांक 94 में अवैध अतिक्रमण हटाने पहुंची वन विभाग की टीम का सामना करीब 200 से अधिक लोग से हुआ था।

इनमें से कुछ लोगों ने वन विभाग की टीम का विरोध किया। देखते ही देखते स्थिति हिंसक हो गई और भीड़ ने वन अमले पर पत्थरों व डंडों से हमला कर दिया।हमले में वन विभाग के कर्मचारी मोहन पंचोनिया को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि ज्योति जाट, कमल परमार, कमल राणा, देवकरण मालवीय और सूरज ढांढे सहित अन्य कर्मचारी भी घायल हुए हैं। विभागीय वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया गया। हमले के दौरान कई कर्मचारी अपनी जान बचाने के लिए मौके से भागते नजर आए।घटना के बाद पूरे वन महकमे में चिंता और आक्रोश का माहौल बन गया था।सीसीएफ आलोक कुमार पाठक ने विवादित वन क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए हमले से जुड़े तथ्यों, अवैध अतिक्रमण की स्थिति तथा विभागीय कार्रवाई की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से क्षेत्र की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान सीसीएफ ने स्पष्ट कहा कि वन भूमि पर अवैध कब्जे किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। वन संपदा की सुरक्षा तथा कानून का पालन सुनिश्चित करने के लिए विभाग पूरी दृढ़ता और गंभीरता के साथ कार्रवाई करेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अतिक्रमण की स्थिति का विस्तृत दस्तावेजीकरण करने और आगे की कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि वन अमले पर हमला केवल शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला नहीं है, बल्कि यह वन संरक्षण कानूनों को चुनौती देने का गंभीर प्रयास है। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।वन विभाग के सूत्रों के अनुसार घटना के बाद क्षेत्र में निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। साथ ही वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान और अधिक प्रभावी ढंग से जारी रखा जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

# पूर्व कर्मचारियों ने निकाली खुन्नस, बैंक फाइनेंस ऑफिस पर की पत्थरबाजी

**पुलिस ने दो आरोपी किए गिरफ्तार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के संस्कार हॉस्पिटल क्षेत्र के समीप स्थित एक बैंक फाइनेंस ऑफिस पर हुई पत्थरबाजी की घटना का कोतवाली पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में तीन अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस जांच में सामने आया है कि सभी आरोपी पूर्व में उक्त फाइनेंस ऑफिस में कर्मचारी रह चुके हैं और पैसों के लेन-देन को लेकर चल रहे विवाद के कारण उन्होंने इस घटना को अंजाम दिया था।जानकारी अनुसार, विगत दिवस देर रात कुछ युवकों ने बैंक फाइनेंस ऑफिस को निशाना बनाते हुए उस पर पत्थरबाजी की थी।

अचानक हुई इस घटना से ऑफिस के कांच और अन्य सामान को नुकसान पहुंचा। कार्यालय प्रबंधन द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर पूरी वारदात कैमरे में कैद मिली। फुटेज में कुछ युवक कुछ ही सेकंड में ऑफिस पर कई पत्थर फेंकते हुए दिखाई दिए, जिसके बाद वे मौके से फरार हो गए। पुलिस ने फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की और उनकी तलाश शुरू की।कोतवाली पुलिस की कार्रवाई के दौरान देवास निवासी समीर और आदित्य को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में घटना से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए। पुलिस जांच में पता चला कि घटना में कुल पांच आरोपी शामिल थे और सभी पूर्व में इसी बैंक फाइनेंस ऑफिस में कार्यरत रह चुके हैं।कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा ने बताया कि आरोपियों और फाइनेंस ऑफिस के बीच पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद और नाराजगी के चलते पांचों आरोपियों ने मिलकर देर रात कार्यालय पर पत्थरबाजी की योजना बनाई और घटना को अंजाम दिया।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है, जबकि फरार तीन अन्य आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है।

### 24 वर्षीय लैब असिस्टेंट ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**देवास।** एक निजी कंपनी में कार्यरत 24 वर्षीय लैब असिस्टेंट ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना शहर के केलादेवी मंदिर क्षेत्र स्थित एक किराए के कमरे में हुई। मृतक की पहचान शहडोल निवासी अभिषेक पिता पुरुषोत्तम सिंह के रूप में हुई है। अभिषेक करीब डेढ़ माह पहले ही देवास आया था और यहां लैब असिस्टेंट के तौर पर काम कर रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, अभिषेक ने बीएससी की पढ़ाई पूरी कर ली थी और आगे एमएससी करने की इच्छा रखता था। मां का कॉल रिसीव नहीं होने पर आशंका हुईअभिषेक की मां रोजाना उससे फोन पर बात करती थीं। शुक्रवार सुबह जब उन्होंने फोन किया और कोई जवाब नहीं मिला, तो उन्हें लगा कि अभिषेक कंपनी गया होगा। सूचना मिलने पर परिजन देवास पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा खोला गया, जहां अभिषेक फांसी के फंदे पर लटका मिला। शुक्रवार रात को शव को जिला अस्पताल लाया गया। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने बताया कि फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# निर्माणाधीन रसूलपुर ब्रिज क्षेत्र का अधिकारियों ने किया संयुक्त निरीक्षण, यातायात प्रबंधन व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



निर्माणाधीन रसूलपुर ब्रिज क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से एसडीएम देवास, नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) देवास, यातायात पुलिस टीम, थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रभारी, एनएचएआई टीम एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से स्थल का निरीक्षण एवं भ्रमण किया गया।निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य के कारण संभावित यातायात दबाव, वैकल्पिक मार्गों, संकेतक बोर्डों की व्यवस्था, सुरक्षा उपायों तथा यातायात संचालन को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों द्वारा मौके पर मौजूद संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए।आमजन एवं वाहन चालकों से अपील की गई है कि निर्माणाधीन क्षेत्र से गुजरते समय वाहन की गति नियंत्रित रखें, अनावश्यक ओवरटेकिंग से बचें तथा यातायात नियमों का पालन करते हुए प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग करें।साथ ही किसी भी प्रकार की यातायात बाधा अथवा ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित होने पर तत्काल डायल-112 अथवा कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 7049125083 पर संपर्क कर सूचना प्रदान करें, जिससे समय पर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके। पुलिस द्वारा नागरिकों की सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों के साथ सतत समन्वय स्थापित कर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# जंगल से अवैध सागवान तस्करी पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, 57 लट्ठों से भरा वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



जिनवानी वन परिक्षेत्र अंतर्गत जंगलों में हो रही अवैध सागवान कटाई के खिलाफ वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सागवान के लठ्ठों से भरे एक लोडिंग वाहन को जब्त किया है। कार्रवाई से क्षेत्र में चल रहे अवैध लकड़ी कारोबार की पोल खुल गई है।जानकारी अनुसार शुक्रवार सुबह मुखबिर से सूचना मिलने पर वन परिक्षेत्र जिनवानी एवं बागली के अमले ने संयुक्त रूप से घेराबंदी की। डेहरी-बागली मार्ग पर जटाशंकर के पास सुबह करीब 6 बजे एक आयशर वाहन (क्रमांक CG-04-PJ-5572) को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान वाहन में सागवान के 57 लठ्ठे लदे पाए गए।वन विभाग के अनुसार जब्त लकड़ी का आयतन 8.230 घनमीटर तथा अनुमानित मूल्य 3 लाख 54 हजार 568 रुपये है। चालक से लकड़ी परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इसके बाद वाहन चालक विजेंद्र पिता रामचंद्र रलौती निवासी हाटपिपल्या को गिरफ्तार कर वाहन एवं लकड़ी जब्त कर ली गई। वाहन को राजसात किए जाने की कार्रवाई भी प्रस्तावित की गई है।सूत्रों के मुताबिक जिनवानी के डेहरी-बोरी क्षेत्र के जंगलों में लंबे समय से बड़े पैमाने पर सागवान की अवैध कटाई हो रही है और लकड़ी को अन्य क्षेत्रों में खपाया जा रहा है। इससे वन संपदा को भारी नुकसान पहुंच रहा है। साथ ही पर्यावरण संतुलन और वन्य प्राणियों के प्राकृतिक आवास पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वन विभाग की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सक्रिय लकड़ी तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

# रेलवे स्टेशन पर जमकर हंगामा, तीर्थ यात्री भड़के, कई तीर्थ यात्री यात्रा से रह गए वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत हरिद्वार जाने वाले तीर्थ यात्रियों ने शनिवार को रेलवे स्टेशन पर हंगामा किया। यात्रियों का आरोप था कि पति-पत्नी दोनों ने आवेदन किया था, लेकिन कई मामलों में केवल एक सदस्य का ही चयन हुआ, जिससे कई बुजुर्ग दंपती यात्रा से वंचित रह गए। योजना के तहत 196 तीर्थ यात्रियों को हरिद्वार भेजा जाना था। सुबह से ही रेलवे स्टेशन पहुंचे कई बुजुर्ग दंपतियों को तब निराशा हुई, जब उन्हें पता चला कि पति या पत्नी में से केवल एक को ही टिकट मिला है। कुछ मामलों में पत्नी का चयन हुआ था, जबकि पति का नाम सूची में नहीं था। एक का चयन नहीं, तो दूसरा भी नहीं गयाप्रभावित यात्रियों में से निर्मला पांचाल ने बताया कि उनका चयन हो गया है, लेकिन उनके पति का नाम सूची में नहीं होने के कारण वह यात्रा पर नहीं जा सकेंगी। इसी तरह, संतोष सिंह ने कहा कि उनकी पत्नी का चयन हुआ है, पर उनका नहीं, जिससे दोनों की यात्रा प्रभावित हो गई। कई बुजुर्ग दंपति स्टेशन पर परेशान दिखे। इस संबंध में तहसीलदार सपना शर्मा ने बताया कि उन्हें जो सूची प्राप्त हुई थी, उसी के आधार पर यात्रियों को टिकट वितरित किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सूची में जिन नामों का चयन हुआ था, उन्हीं को यात्रा के लिए भेजा गया है।

### स्वास्थ्य और शिक्षा की नई पहचान बना चंदवाना, ग्रामीणों को मिली खुशियों की सौगात

# 65 लाख से निर्मित स्वास्थ्य केंद्र और बालवाटिका का लोकार्पण






हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित विकास यात्रा के दौरान ग्राम चंदवाना को स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली। क्षेत्रीय विधायक आशीष शर्मा ने 65 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं बालवाटिका का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा और बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।ग्रामीण क्षेत्र में लंबे समय से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से अब आसपास के ग्रामीणों को सामान्य बीमारियों और प्राथमिक उपचार के लिए दूरस्थ क्षेत्रों का रुख नहीं करना पड़ेगा। वहीं बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत आधार देने के उद्देश्य से तैयार की गई बालवाटिका भी क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

खातेगांव विधानसभा के प्रत्येक गांव तक बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। आज धरातल पर दिखाई दे रहे विकास कार्य जनसेवा और समर्पण की भावना का परिणाम हैं।कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र और बालवाटिका के निर्माण पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और विधायक आशीष शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विकास कार्यों से गांवों का जीवन स्तर बेहतर हो रहा है।ग्रामीणों के अनुसार चंदवाना में स्वास्थ्य केंद्र और बालवाटिका का लोकार्पण केवल भवनों का उद्घाटन नहीं, बल्कि बेहतर स्वास्थ्य, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है।

# माता टेकरी पर प्रारंभ हुआ सात दिवसीय चंडी यज्ञ



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सात दिवसीय चंडी यज्ञ माता टेकरी पर रविवार को प्रारंभ हुआ। आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोकनाथ पुजारी ने बताया कि 20 जून को मां चामुंडा के दरबार में चंडी यज्ञ का प्रारंभ हुआ। यज्ञ के प्रारंभ में सभी मंदिर में निमंत्रण देते हुए पं. सुभाष रावल कवड़ी वाले के आचार्यत्व में ध्वज पूजन, श्री गणेश पूजन, हिमाद्री स्नान, मंडप प्रवेश एवं अग्नि प्रवेश किया गया। समिति अध्यक्ष अशोक नाथ पुजारी ने बताया कि सन 2000 में मातारानी ने अपना चोला छोड़ा था, उस समय 15 दिनों के लिए मंदिर बंद कर माता का श्रृंगार किया गया एवं चंडी यज्ञ का आयोजन किया गया तथा 26 जून 2000 को यज्ञ की पूर्णाहूति के पश्चात माता का मंदिर खोला गया और भक्तों ने मां के दर्शन किये। तब से ही प्रतिवर्ष 20 जून से 26 जून तक प्रकटोत्सव के अंतर्गत चंडी यज्ञ का आयोजन किया जाता है, यह 26 वां वर्ष है। मुकेश पुजारी, महेश पुजारी, संदीप पुजारी, विनय पुजारी, सुरेश पुजारी, अभिमन्यु पुजारी, संतोष पुजारी, रितेश पुजारी, कालु पुजारी, महांकाल पुजारी, आदि ने माँ चामुण्डा के भक्तों से इस महायज्ञ में उपस्थित होने की अपील की।

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर महिला पर हमला, लहूलुहान किया

**ललितपुर।** कस्बा मड़ावरा में देर रात घर का दरवाजा खटखटाकर गाली-गलौज करने और विरोध करने पर एक महिला पर धारदार हथियार एवं लाठी से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे उसके रिश्तेदार के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने दो नामजद और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार कस्बा मड़ावरा स्थित भारत गैस एजेंसी के पास निवासी नवल कुशवाहा पुत्र हजारी लाल उर्फ खिल्लू कुशवाहा ने बताया कि 18 जून 2026 की रात लगभग 11 बजे उसका परिवार घर के अंदर सो रहा था। इसी दौरान राधाकृष्ण मंदिर के पास रहने वाला जागेश्वर पुत्र सुरेंद्र यादव तथा मुक्तिधाम के पास रहने वाला टिकी पुत्र भरत सिंह लोधी अपने दो अन्य साथियों के साथ उसके घर पहुंचे और दरवाजा खटखटाते हुए उसके पिता के नाम से अभद्र गालियां देने लगे। शोर-शराबा सुनकर जब नवल की मां पान बाई ने दरवाजा खोला तो आरोपियों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि एक आरोपी ने धारदार हथियार से उनके बाएं हाथ पर वार कर गंभीर चोट पहुंचाई। इसके बाद लाठी से सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गईं। महिला की चीख-पुकार सुनकर उसका चचेरा भाई राजकुमार पुत्र राकेश मौके पर पहुंचा और बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। घटना के बाद आरोपी गाली-गलौज करते हुए तथा जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। मड़ावरा पुलिस ने आरोपी जागेश्वर, टिकी तथा दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### वित्तीय सुरक्षा के लिए कार्यक्रम आयोजित

**विदिशा।** पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण द्वारा अग्रणी जिला बैंक कार्यालय (एसबीआई) के सहयोग से होटल रिवर साइड-इन में 'एनपीएस संचय' कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, किसानों और छोटे व्यवसायियों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के लाभों से अवगत कराना था। नाबार्ड, एसएलबीसी, मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक तथा पीएफआरडीए के अधिकारियों ने एनपीएस की कार्यप्रणाली, टियर-1 व टियर-2 खातों और सुरक्षित निवेश की जानकारी दी।

### ड्रिप सिंचाई व मल्चिंग से बने प्रगतिशील किसान

**विदिशा।** जिले के किसान भगवानसिंह ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का लाभ लेकर ड्रिप सिंचाई और मल्चिंग तकनीक अपनाई, जिससे उनकी खेती अधिक लाभकारी बनी। 1.20 हेक्टेयर क्षेत्र में 1.50 लाख रुपए की लागत से स्थापित ड्रिप प्रणाली पर उन्हें 82,766 रुपए का अनुदान मिला। आधुनिक तकनीक से उन्होंने मिर्च और टमाटर की खेती की। इससे 80 क्विंटल मिर्च और 120 क्विंटल टमाटर का उत्पादन प्राप्त हुआ। दोनों फसलों से उन्हें लगभग 3.40 लाख रुपए की आय हुई। जल संरक्षण, लागत में कमी और बेहतर उत्पादन के कारण भगवानसिंह क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गए हैं।

### बीएमओ ने बढ़ाया किशोरों का उत्साह

**ग्यारसपुर।** साथिया प्रशिक्षण के दूसरे दिन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नत्थी अहिरवार ने किशोर एवं किशोरी साथिया से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने किशोर स्वास्थ्य जागरूकता, साथिया की भूमिका और समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को आत्मविश्वास के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. टीएस मीणा, बीसीएम रीता श्रीवास्तव एवं उमंग परामर्शदाता पिंकी चौरसिया ने भी मार्गदर्शन दिया।

---

### तुवन सरकार के दरबार में माथा टेक कर विकास परियोजनाओं की सौगात की झड़ी लगा दी

# ऐतिहासिक धरा अब रच रही आधुनिक विकास का नया इतिहास : सीएम योगी आदित्यनाथ





हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने पहुंचते ही सबसे पहले तुवन मंदिर के महंत रामलखन जी के साथ तुवन सरकार के दरबार में माथा टेका, पूजा की और उनका आशीर्वाद लेकर ललितपुर को 1766 करोड़ की लागत की कुल 221 विकास परियोजनाओं का उपहार दिया। इन योजनाओं में 103 का लोकार्पण व 118 का शिलान्यास किया गया।

मुख्यमंत्री के हाथों विकास परियोजनाओं की सौगात पाकर हजारों की संख्या में आये जनसमूह ने दोनो हाथ उठाकर आभार जताया और जय श्रीराम के नारो से उनका अभिनन्दन किया। बता दें कि माननीय मुख्यमंत्री, उप्र शासन योगी आदित्यनाथ के भ्रमण कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के नेतृत्व में अधिकारी दिनरात तैयारियों में जुटे रहे, इन तैयारियों का जायजा लेने के लिए एक दिन पूर्व जिले के प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी भी पहुंचे और मुख्यमंत्री के भ्रमण की तैयारियों को अंतिम रुप दिया था। इसी का परिणाम रहा कि सीएम का दौरा दिव्य और भव्य सफल रहा। कार्यक्रम की श्रंखला में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किये, उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजनान्तर्गत लाभार्थी संदीव एवं सत्येन्द्र को 05-05 लाख रुपए के ब्याजमुक्त, गारंटीमुक्त श्रण के प्रमाण पत्र दिये, वहीं बेटी बचाओ बेटी पढ़ायो योजनान्तर्गत जनपद की बेटी मोहिनी पटेल को हाईस्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 05 हजार की प्रोत्साहन राशि का चेक, मुख्यमंत्री सुमंगला योजनान्तर्गत आसी याज्ञिक को 07 हजार का चेक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री नन्दनी को स्मार्ट फोन, वन ड्रॉप मोर क्रॉप योजनान्तर्गत कृषक फूलसिंह व जाहर सिंह को धनराशि के चेक, उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम अंतर्गत फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी के सीईओ निशांत सागर को 10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता का चेक एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत रीना, गीता, विद्युत सखी जमुना व बीसी सखी भागकुंवर को आरएफ एवं सीआईएफ के चेक मंच के माध्यम से प्रदान किये।

#### डबल इंजन की सरकार आपको 1766 करोड़ की योजनाएं समर्पित कर रही

मुख्यमंत्री ने तुवन सरकार की जयकार से अपना उद्बोधन शुरू करते हुए कहा कि पूर्व की सरकारों में ललितपुर को प्रदेश का एक अलग और पिछड़ा हुआ हिस्सा माना जाता रहा है, यहां के युवा पलायन को मजबूर थे और मिट्टी के घड़ों में कई किलोमीटर से पानी ढोते ढोते यहां की महिलाओं का पूरा जीवन बीत जाता था, लेकिन आज का दिन है कि डबल इंजन की सरकार आपको 1766 करोड़ की योजनाएं समर्पित कर रही है, आज मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से यहां के युवा पलायन की पृथा को समाप्त कर दूसरों को रोजगार देने में समक्ष बन चुके हैं, वहीं हर घर जल योजना से महिलाओं को मीलों दूर से पानी लाने की आवश्यक्ता नहीं पड़ती। हमारी सरकार ने ललितपुर को अपेक्षित न मानकर प्रदेश की पहली गौशाला का निर्माण ललितपुर में ही कराया था। साथ ही प्रदेश का सबसे बड़ा बल्क ड्रग फार्मा पार्क भी यही बन रहा है। आज तमाम सिंचाई की परियोजनाओं को आगे बढ़ाने का काम हो रहा है। डबल इंजन की सरकार महिलाओं को भी सशक्त करने का काम कर रही है, जिसका उदाहरण है कि ललितपुर की बेटी भी आज यूपी पुलिस का हिस्सा बन रही है। उन्होंने कहा कि 1766 करोड़ की इन परियोजनाओं के माध्यम से ललितपुर की एतिहासिक धरा अब आधुनिक विकास का नया इतिहास रच रही है। कार्यक्रम में राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग/प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी, सांसद अनुराग शर्मा, राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन, नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी विकास परियोजनाओं की सौगात पर अपने-अपने विचार प्रकट किए।

#### अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की

जनसभा के उपरान्त मुख्यमंत्री ने सभी विभागीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान जनपद के सैदपुर ग्राम में 1471 एकड़ में स्थापित स्थापित बल्क ड्रग फार्मा पार्क की प्रगति, जनपद की विकास परियोजनाएं, जनपद में हर घर जल योजना, जल संरक्षण, पौधरोपण, तकनीकि कृषि, राजस्व वादों, मिशन शक्ति, कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं नगर की स्वच्छता आदि कार्यों की एक-एक कर विस्तार से समीक्षा की। बैठक में सबसे पहले सेक्रेट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड इन्डस्ट्रियल डेवलपमेंट विजय किरन आनन्द ने पीपीटी के माध्यम से बल्क ड्रग फार्मा पार्क की स्थिति से अवगत करया और प्रथम चरण का कार्य सितम्बर माह तक पूर्ण कराने से आश्वस्त किया। इसके साथ ही परियोजना के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए एयर कनेक्टिविटी, रेल व रोड कनेक्टिविटी के जोड़ते हुए राष्ट्रीय स्तर के 11 एमओयू हस्ताक्षर करने की जानकारी दी। इस पर मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कहा कि फार्मा पार्क के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार मिल सके।

#### जिलाधिकारी ने विकास कार्यक्रमों को बताया

*बैठक के दौरान जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद के विकास कार्यक्रमों को पीपीटी के माध्यम से एक-एक कर विस्तार से बताया, जिसमें अमझरा गोशाला, ग्रामीण आबादी विशेषकर सहरिया समुदाय के मजरों, सार्वजनक भवनों तक पहुंचने एवं कृषि कार्यों हेतु आवागमन सुलभ बनाने के लिए 1 जनवरी 2026 को एक साथ 1602 चकमार्ग व सम्पर्क मार्ग के कार्यों का शुभारंभ किया गया। 133 मियावाकी सघन के द्वारा 76.45 एकड़ भूमि में पौधरोपण किया गया। सभी न्याय पंचायतों में 113 खेल मैदान बनवाये गए सहित अनेकों अभिनव कार्यों को प्रस्तुत किया। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने जनपद में जल संरक्षण व जल संवर्धन के लिए लोगों में जागरुकता लाने पर जोर देते हुए कहा कि छत का पानी रेन हार्वेस्टिंग के द्वारा संरक्षित किया जाए, इसी प्रकार से वर्षा का जल चेकडेम बनाकर संरक्षित किया जाए। उन्होंने पौधरोपण पर जोर देते हुए कहा कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए सभी को आगे आना होगा। इसके लिए आमजन को प्रेरित किया जाए।*

#### मिशन मोड पर लाकर वादों को निस्तारित किया जाए

*उन्होंने राजस्व वादों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि मिशन मोड पर लाकर वादों को निस्तारित किया जाए, एक वर्ष से अधिक कोई भी वाद लंबित न रहे, वादों को समय सीमा में निस्तारित कर लोगों को न्याय दिलाया जाए। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की समीक्षा के दौरान सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि कोई भी बच्चा विद्यालय में नामांकन से छूटने न पाये, स्वास्थ्य सेवाओं में कोई कोताही न बरती जाए, सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाए। स्वच्छता के लिए विशेष अभियान चलाकर नगर और ग्रामों को स्वच्छ बनाया जाए। उन्होंने कृषि पर जोर देते हुए कहा कि परम्परागत खेती से हटकर वैज्ञानिक खेती के लिए किसानों को प्रेरित किया जाए, इसके लिए कृषि विज्ञान केन्द्रों का उपयो किया जाए। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये ।*

## राजकीय मेडिकल कॉलेज सहित 221 परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास की बड़ी सौगात देते हुए राजकीय मेडिकल कॉलेज सहित 1766 करोड़ लागत की 221 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने सिद्ध क्षेत्र तुवन सरकार मंदिर परिसर में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बुंदेलखंड के समग्र विकास का संकल्प लगातार पूरा किया जा रहा है और ललितपुर प्रदेश के विकास मानचित्र पर तेजी से उभर रहा है।

कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तुवन सरकार मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद आयोजित जनसभा में बोले कि एक समय जनपद ललितपुर उपेक्षा का शिकार था तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और कृषि जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा था, लेकिन अब तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है।

सरकार ने बुंदेलखंड के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। सिंचाई परियोजनाओं को गति देने, स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। आपने कहा कि सैदपुर क्षेत्र में लगभग 1500 एकड़ भूमि पर





स्थापित होने वाला फार्मा बल्क ड्रग पार्क क्षेत्र के हजारों युवाओं के लिए रोजगार का नया द्वार खोलेगा। उन्होंने कहा कि हर घर नल-जल योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा रहा है, जिससे महिलाओं को पानी के लिए लंबी दूरी तय करने की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही डिफेंस कॉरिडोर परियोजना के माध्यम से बुंदेलखंड को औद्योगिक विकास का प्रमुख केन्द्र बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ललितपुर प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विरासत और विकास की संभावनाओं से भरपूर जनपद है। नवाचार के क्षेत्र में यहां उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। उन्होंने जिले के जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

---

### ऑपरेशन मुस्कान बना मासूम

## शादी समारोह से लापता दो वर्षीय बच्ची को पुलिस ने एक घंटे में खोज निकाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

थाना मदनपुर क्षेत्र के ग्राम बरौंदा में शादी समारोह के दौरान लापता हुई दो वर्षीय मासूम बच्ची को पुलिस ने तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मात्र एक घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली और ललितपुर पुलिस की कार्यशैली की सराहना की।

पुलिस के अनुसार ग्राम बरौंदा निवासी बलराम पुत्र भोलू अहिरवार ने शनिवार को करीब 11.30 बजे थाना मदनपुर पुलिस को सूचना दी कि उनकी दो वर्षीय नातिन, जो एक शादी समारोह में शामिल होने आई थी, अचानक लापता हो गई है। काफी तलाश के बाद भी बच्ची का कोई पता नहीं चल सका। सूचना मिलते ही थाना मदनपुर पुलिस और थाने पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र की टीम तत्काल सक्रिय हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बिना समय गंवाए तीन अलग-अलग टीमें गठित कीं और गांव तथा आसपास के जंगलों एवं संभावित स्थानों पर खोज अभियान शुरू कर दिया। पुलिस की सूझबूझ और लगातार प्रयासों के चलते गुमशुदा बच्ची को घटना के मात्र एक घंटे के भीतर ग्राम बरौंदा स्थित नीम टोरिया के पास जंगल क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया गया। जांच में पता चला कि बच्ची खेलते-खेलते रास्ता भटककर जंगल की ओर पहुंच गई थी। बच्ची के सुरक्षित मिलने के बाद उसके माता-पिता और परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने पुलिस की त्वरित कार्रवाई, संवेदनशीलता और मानवीय कार्यप्रणाली की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मड़ावरा राजेश श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में यह अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया गया। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में आरक्षी विवेक राठौर, आरक्षी विपेन्द्र कुमार, आरक्षी सूरज, आरक्षी अभिषेक, महिला आरक्षी रुबी, महिला आरक्षी अंजली शामिल रहीं।

### शहरी पथ विक्रेताओं को लाभान्वित किया

## पीएम स्वनिधि योजना में लोक कल्याण मेले में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए

**महरौनी।** भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के अंतर्गत 1 जून से 30 जून 2026 तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पंचायत महरौनी द्वारा शहरी पथ विक्रेताओं के लिए लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया, जिसमें स्वरोजगार एवं आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऋण एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है।

नगर पंचायत द्वारा सडक़, पटरी, रेहड़ी एवं फेरी लगाकर फल, सब्जी, चाट, समोसा, चाय, कपड़े, मनिहारी, सजावटी एवं घरेलू सामान बेचने वाले पथ विक्रेताओं के निःशुल्क आवेदन भरवाए जा रहे हैं। योजना के तहत प्रथम बार 15 हजार, द्वितीय बार 25 हजार तथा तृतीय बार 50 हजार तक का कार्यशील पूंजी ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जिससे छोटे व्यवसायियों को अपने रोजगार का विस्तार करने में सहायता मिल सके। गुरुवार को नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ऐसे लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, जिन्हें पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय चरण का ऋण प्राप्त हो चुका है। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम दुष्यंत बड़ौनिया एवं अधिशासी अधिकारी साक्षी साहू ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर योजना का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पार्षद जाकिर अली, पार्षद पवन जैन, पार्षद प्रतिनिधि अनिल शर्मा, नामित पार्षद राघवेंद्र पटैरिया (टीटू भैय्या), नामित पार्षद रवि खरे सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नगर पंचायत कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदीप सोनी, राकेश प्रजापति, उर्मिला सोनी, पूजा, अनिल, श्यामलाल, कृष्णकांत, अवधरानी, जावेद, रामरतन, प्रह्लाद, रामदीन, ब्रजलाल, दिनेश मौजूद रहे।

### आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया

## घर के बाहर बैठे अधेड़ पर लाठी से हमला, जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

थाना बालाबेहट क्षेत्र के ग्राम पुरा में घर के बाहर बैठे एक अधेड़ व्यक्ति के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार ग्राम पुरा निवासी माधव सिंह पुत्र स्व. लाखन सिंह यादव ने बताया कि 18 जून 2026 को शाम करीब 4 बजे वह अपने घर के बाहर बैठे हुए थे। इसी दौरान गांव का ही रहने वाला अनूप उर्फ कल्लू पुत्र स्व. पहलवान सिंह यादव वहां पहुंचा और बिना किसी बात के अभद्र गालियां देने लगा। पीड़ित द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपी ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं। आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गया। घटना के संबंध में पीड़ित ने 19 जून को थाना बालाबेहट में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी अनूप उर्फ कल्लू के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

### विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस पर जागरूकता संगोष्ठी आयोजित

## शादी से पहले रक्त की कुंडली मिलाना जरूरी, तभी रुकेगा सिकल सेल एनीमिया का प्रसार: एमके जैन

2047 तक सिकल सेल उन्मूलन के लक्ष्य को लेकर आईएपी ने किया जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस के अवसर पर इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) विदिशा द्वारा सिकल सेल उन्मूलन अभियान के तहत विदिशा मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विभाग सभागार में जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम, पहचान एवं प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी। आईएपी विदिशा के अध्यक्ष एवं केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. एम.के. जैन ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया एक गंभीर अनुवांशिक बीमारी है, जो बच्चों को माता-पिता से विरासत में मिलती है।

उन्होंने कहा कि इस बीमारी की रोकथाम के लिए विवाह से पूर्व वर-वधू की रक्त जांच अर्थात रक्त की कुंडली मिलाना आवश्यक है। यदि दोनों सिकल सेल के वाहक हों तो विवाह से बचना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने




वर्ष 2047 तक देश को सिकल सेल मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। आईएपी सचिव डॉ. सुरेंद्र सोनकर ने बताया कि इस बीमारी में लाल रक्त कोशिकाएं सामान्य गोलाकार रूप के बजाय हंसिया (सिकल) के आकार की हो जाती हैं, जिससे रक्त प्रवाह बाधित होता है और मरीज को खून की कमी, तीव्र दर्द, कमजोरी, बार-बार संक्रमण तथा अन्य गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बीमारी का स्थायी उपचार नहीं है, इसलिए उचित प्रबंधन और सावधानी ही बचाव का प्रमुख उपाय है।

## पिछले एक साल से प्रतिदिन सुबह 4 बजे निकलती है प्रभात फेरी, गूंजता है श्री राम का नाम

# बरखेड़ा में ब्रह्म मुहूर्त में निकलने वाली प्रभातफेरी का संकीर्तन वार्षिकोत्सव मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

समीपस्थ ग्राम बरखेड़ा में पिछले एक साल से प्रतिदिन निकलने वाली प्रभात फेरी को लेकर गुरूवार रात में वार्षिकोत्सव और संकीर्तन महोत्सव आयोजित किया गया। यह आयोजन गांव में पिछले एक वर्ष से प्रतिदिन सुबह 4 बजे निकल रही प्रभात फेरी के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गांव के प्राचीन श्रीराम मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ। संकीर्तन यात्रा श्रीराम मंदिर से शुरू होकर खेड़ापति हनुमान मंदिर, उपस्वास्थ्य केंद्र और गांव के मुख्य मार्गों से गुजरी। यह यात्रा धर्मशाला परिसर में समाप्त हुई। इस दौरान ढोल, मंजीरे और झांझ की ध्वनि के साथ 'जय श्रीराम' और 'जय हनुमान' के जयघोष गूंजते रहे।

### 16 गांवों की संकीर्तन मंडलियों ने लिया भाग

यात्रा में महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे भक्ति गीतों पर नाचते-गाते हुए शामिल हुए। ग्रामीणों ने पूरे मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। श्रद्धालुओं के लिए कई स्थानों पर पेयजल और प्रसाद की व्यवस्था भी की गई थी। संकीर्तन यात्रा में कमल सरा, गेहूंखेड़ी, बकानी, बोडा, वामनदेरी, दामड़यिा छतरी, हुलखेड़ी, गोकुलपुरा, मिठनपुर छतरी, मोई, हबीपुरा, पचोर, ब्यावरा महिला मंडल प्रभात फेरी और चैतरा सहित आसपास के कई गांवों की कीर्तन मंडलियां शामिल हुई। इन मंडलियों ने अपनी विशिष्ट शैली में भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए। विशेष रूप से ''बन गया राम मंदिर, चलो अयोध्या धाम'' जैसे भजनों पर लोग उत्साह से झूमते दिखे। घरों की छतों और गलियों में खड़े लोग भी इस आयोजन के साक्षी बने। धर्मशाला परिसर में यात्रा के समापन के बाद सामूहिक संकीर्तन, भजन संध्या और भंडारे का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस आयोजन ने धार्मिक आस्था को मजबूत करने के साथ-साथ क्षेत्र के गांवों को एक सूत्र में बांधने का कार्य भी किया।

### गांव में प्रतिदिन 4 बजे उठ जाते हैं लोग, प्रभात फेरी में होते शामिल

गांव के षिक्षक छगनलाल यादव ने बताया कि बरखेड़ा गांव में महिला-पुरूष और बच्चे प्रतिदिन 4 बजे उठ जाते है और श्रीराम मंदिर से शुरू होने वाली प्रभात फेरी में शामिल होते है, जिनके माध्यम से पूरे गांव में सुबह के समय राम नाम की गुंज सुनाई देती है। इस प्रभात फेरी को एक वर्ष पूर्ण हो जाने के उलपक्ष्य में ही वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया।



### शामिल होने वाली मंडलियों के गांव में भी प्रतिदिन निकलती है प्रभात फेरी

ग्रामीणों ने बताया कि इस आयोजन में शामिल होने वाली सभी मंडलियां पिछले एक वर्ष से अपने-अपने गांवों में प्रतिदिन सुबह 4 बजे प्रभात फेरी निकाल रही हैं। इसका उद्देश्य धार्मिक जागरण और सामाजिक समरसता का संदेश देना है। इसी संकल्प की सफलता और एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। साथ ही सभी मंडलियों से आग्रह किया कि आगे भी इसी प्रकार की प्रभात फेरी सभी जगह निकालते रहे। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने से पूरा गांव में अयोध्या जैसा नजारा लग रहा था। घर के दरवाजे पर शाम के समय में चल रहे दीपक पूरे गांव में आर्कषण का केन्द्र बना हुआ था।

## रात्रि चौपाल में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

# मंत्री टेटवाल और सांसद ने त्वरित समस्या समाधान के दिए निर्देश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बाबल्दा में आयोजित रात्रि कालीन चौपाल एवं जनकल्याण शिविर में मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. गौतम टेटवाल एवं राजगढ़ सांसद रोडमल नागर ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले, एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने बायपास मार्ग, विद्युत ट्रांसफार्मर, खाद उपलब्धता, सड़क-नाली निर्माण, श्मशान घाट मार्ग, पेयजल व्यवस्था, पेंशन, खाद्यान्न पर्ची एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ी समस्याएं रखीं। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। कृषि विभाग ने किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं जैविक खेती की जानकारी दी। सांसद रोडमल नागर ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की अपील करते हुए कहा कि इससे भूमि की उर्वरता और मानव स्वास्थ्य दोनों सुरक्षित रहते हैं। राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीणों से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य तथा राजस्व विभागों ने भी अपनी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान डॉ. टेटवाल ने सुंदरकांड समिति को 10 हजार रुपये, ढोलक एवं माइक सेट देने की घोषणा की।

## प्राकृतिक खेती और गो-संवर्धन आत्मनिर्भर कृषि का आधारः मंत्री

# बैलगाड़ी में बैठकर प्राकृतिक खेती कार्यशाला में पहुंचे मंत्री व सांसद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

राष्ट्रीय मिलेट्स मिशन योजना एवं किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत ग्राम बिलोदा पूर्विया में प्राकृतिक खेती विषय पर जिला स्तरीय कृषक संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल तथा सांसद रोडमल नागर ने कृत्रिम कीट नियंत्रण प्लांट का शुभारंभ किया और जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसानों का सम्मान किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि जैविक खेती स्वास्थ्य, पर्यावरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के बढ़ते उपयोग से भूमि की उर्वरता और मानव स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है, ऐसे में प्राकृतिक खेती एक प्रभावी विकल्प बनकर उभरी है। उन्होंने गौवंश को जैविक खेती की आधारशिला बताते हुए गोबर एवं गौमूत्र से बनने वाले जैविक उत्पादों के महत्व पर प्रकाश डाला। मंत्री ने बताया कि ग्राम कड़लावद में 133 एकड़ भूमि पर कामधेनु गौशाला स्थापित की जा रही है, जहां बायोगैस एवं बायो-सीएनजी प्लांट भी लगाए जाएंगे। इससे किसानों को जैविक खाद, अतिरिक्त आय और पराली प्रबंधन में लाभ मिलेगा। वहीं सांसद रोडमल नागर ने कहा कि गौ-आधारित खेती से उत्पादन लागत कम होगी और कृषि क्षेत्र आत्मनिर्भर बनेगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, कृषि वैज्ञानिक, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सतीशसिंह बेस सहित भाजपाई मौजूद थे।

## 31 मामलों में एफआईआर के निर्देश

# प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों की समीक्षा बैठक



**ब्यावरा**। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में प्रचलित गबन एवं धोखाधड़ी प्रकरणों की समीक्षा बैठक कलेक्टर डॉ. गिरिश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में संस्था स्तर पर लंबित 66 प्रकरणों जिनमें कुल राशि 852.99 लाख रूपये संलिप्त होने कि विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा दौरान 31 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराने तथा मध्यप्रदेश सहकारी समिति अधिनियम की धारा 64 के अंतर्गत लंबित 32 प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

इसके अतिरिक्त 08 नवीन प्रकरणों में संस्था बोड़ा के 04 प्रकरण तथा सादलपुर, सूकली, ढकोरा एवं बरखेड़ा की समितियों से संबंधित 04 प्रकरणों में संपूर्ण वैधानिक कार्रवाई करते हुए आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने का निर्णय लिया गया। समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित तौलानी, उपायुक्त सहकारिता पी.एस. बरौटिया तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर टेकरी सरकार मेला प्रांगण में होगा सामूहिक योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

आगामी 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन के तत्वावधान में टेकरी सरकार मेला प्रांगण में भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में पतंजलि परिवार प्रशासन के साथ सामूहिक योगाभ्यास करेगा। पतंजलि परिवार द्वारा पूर्व में यह कार्यक्रम महाराणा प्रताप पार्क में प्रस्तावित था, किंतु जिला प्रशासन एवं कलेक्टर महोदय के परामर्शानुसार कार्यक्रम स्थल में परिवर्तन कर टेकरी सरकार मेला प्रांगण निर्धारित किया गया है।

इस संबंध में आयोजित पतंजलि परिवार की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिले के सभी योग साधक, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक प्रातःकाल आयोजित होने वाले मुख्य योग कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न स्थानों से निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बसें प्रातः 5:30 बजे से 6:00 बजे के मध्य निर्धारित स्थानों से रवाना होकर सीधे टेकरी सरकार मेला प्रांगण पहुंचेंगी। परिवहन व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं सुचारु बनाने के लिए क्षेत्रवार प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। इनमें चंद्रपाल सिंह चौहान (कैंट क्षेत्र) 9630601161, राजकुमार शिवहरे (गायत्री



मंदिर क्षेत्र) 9754204433, विजय साहू (हनुमान चौराहा क्षेत्र) 9993933125, जय प्रताप (तेलघानी क्षेत्र) 6232637399, सोनू भार्गव (जयस्तंभ चौराहा) 9806523600 तथा मोनू ओझा (वंदना कॉन्वेंट क्षेत्र) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। संपूर्ण परिवहन व्यवस्था के मुख्य प्रभारी धनीराम ग्वाल (9826372982) रहेंगे। बैठक में राज्य प्रभारी कृष्ण योगेंद्र रघुवंशी, महिला राज्य प्रभारी सुधा त्रिवेदी, संरक्षक हरी सिंह यादव, राज्य कार्यकारी सदस्य अशोक त्रिवेदी, जिला प्रभारी बाबूलाल यादव, महिला जिला प्रभारी सीमा शर्मा, जिला सह प्रभारी हरिओम राठौर, संगठन मंत्री भानु तोमर, जिला संवाद प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव, तहसील प्रभारी धनीराम ग्वाल एवं चंद्रपाल सिंह चौहान सहित पतंजलि परिवार के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# कुएं में गिरने से महिला की मौत

**सारंगपुर**। क्षेत्र के ग्राम निपानिया तुला में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में 25 वर्षीय महिला की कुएं में गिरने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रीता पति लखन तंवर पानी भरने के लिए गांव के कुएं पर गई थी। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह कुएं में गिर गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा महिला को कुएं से बाहर निकालकर तत्काल अस्पताल ले गए। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक परीक्षण के बाद रीता को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है। महिला के कुएं में गिरने के कारणों की जांच की जा रही है।

# पुलिस ने चलाया हेलमेट जागरुकता अभियान, विद्यार्थियों को दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सड़क सुरक्षा को लेकर सारंगपुर पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में शुक्रवार को शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के बाहर वाहन चालकों, पालकों एवं विद्यार्थियों को हेलमेट पहनकर दोपहिया वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के तहत सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट स्कूल पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को स्कूल छोड़ने आए पालकों को हेलमेट के महत्व की जानकारी देते हुए सुरक्षित वाहन संचालन की समझाइश दी। वहीं प्रोग्रेसिव साइंस कोचिंग संस्थान में विद्यार्थियों को भी बाइक चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस



अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान के दौरान स्कूल, कॉलेज एवं कोचिंग संस्थानों के बाहर पहुंचकर दोपहिया वाहनों से आने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि हेलमेट दुर्घटना की स्थिति में जान बचाने का सबसे प्रभावी सुरक्षा उपकरण है। इस दौरान हेलमेट नहीं पहनने वालों को भविष्य में कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। अभियान में पुलिसकर्मियों ने लोगों से स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हमेशा हेलमेट पहनने की अपील की। इस अवसर पर पुलिस विभाग का स्टाफ भी मौजूद रहा।

# बीनागंज में निकलेगी भव्य भगवान जगन्नाथ रथयात्रा, हरिनाम संकीर्तन के माध्यम से दी आयोजन की सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चाचौड़ा

अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) द्वारा आगामी 16 जुलाई 2026, गुरुवार को बीनागंज में आयोजित होने वाली भव्य श्री जगन्नाथ रथयात्रा के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इसी क्रम में नगरवासियों को रथयात्रा की जानकारी देने एवं धार्मिक वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से भक्तों द्वारा हरिनाम संकीर्तन एवं नगर भ्रमण का आयोजन किया गया। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे महामंत्र का संकीर्तन करते हुए नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से यात्रा निकाली। संकीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी शामिल हुए तथा भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा महारानी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजकों ने बताया कि 16 जुलाई को बीनागंज के इतिहास में पहली बार भव्य भगवान जगन्नाथ रथयात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा महारानी की दिव्य झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन, प्रसाद वितरण एवं विभिन्न धार्मिक आयोजन भी संपन्न होंगे। इस्कॉन के पदाधिकारियों ने नगर एवं आसपास के क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से रथयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## धरती माता को नमन कर पूजा की

# श्री फलोदी मांगलिक भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के आवास कॉलोनी विद्युत मण्डल के पीछे श्री फलोदी मांगलिक भवन का भूमि पूजन विगत दिवस किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम विधि-विधान से पूजा अर्चना कर गेंती चलाकर किया गया। जहां पर मुख्य रूप से समाज के वरिष्ठ वयोवृद्ध पूर्व अध्यक्ष मोहनसिंह जमींदार ने पूजा अर्चना की तत्पश्चात समाज के सभी वरिष्ठ जनों ने धरती माता को नमन कर पूजा की। इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष बलराम टांक , प्रोफेसर रामबाबू गुप्ता भानपुरा, दिनेश जमींदार , प्रोफेसर राधावल्लभ गुप्ता , डॉ मनोज गुप्ता, अशोक गुप्ता दुपाड़िया , जगदीश गुप्ता दांईखेड़ी , सुरेश गुप्ता भानपुरा ,अंकुर टांक ,अशोक गुप्ता भानपुरा, श्रीनाथ गुप्ता , जगदीश बाबू , गिरीराज गुप्ता भण्ड़ावद , गोर्वधनलाल गुप्ता बैरिस्टर , राजु गुप्ता आडिटर , मुकेश परोलिया , कैलाश दुपाड़यिा, बालचन्द गुप्ता (कालु) , केशव गुप्ता , बंटी परोलिया , मुरली गुप्ता भण्ड़ावद , आशिष जमींदार , मुकेश गागोरनी , रामकृष्ण गुप्ता , सागर गागोरनी , अशोक भानपुरा , रितेश जमींदार , तुलसीराम गुप्ता , रिलेश दुपाडिया , द्वारका परोलिया , नीरज गुप्ता सहित ठेकेदार गोपाल विश्वकर्मा मौजूद रहे, जहां पर बाउंड्री वॉल तथा टीन शैड लगाया जाना तय हुआ। इस दौरान पूर्व की राशि की जानकारी दी गई तथा भूमि पूजन के शुभ मुहूर्त पर गोवर्धन बैरिस्टर द्वारा सहयोग राशि 5100 रूपये प्रदान की।

## मंत्री टेटवाल और सांसद नागर ने किया धाकड़ समाज न्यास की बाउंड्रीवॉल का भूमि पूजन

# आधुनिक शैक्षणिक परिसर बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

धाकड़ शैक्षणिक परमार्थिक न्यास, भीलखेड़ा जोड़ खुजनेर की भूमि पर शुक्रवार को बाउंड्री वॉल निर्माण का भूमि पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। सुबह 9:30 बजे शुरू हुए इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन में क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में समाजबंधु और युवा शामिल हुए मुख्य अतिथि राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने भूमि पूजन करते हुए कहा कि आज रखी गई यह नींव आने वाले समय में हजारों बच्चों के सपनों को आकार देगी उन्होंने न्यास ट्रस्ट को हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। विशेष अतिथि सांसद रोडमल नागर ने ट्रस्ट पदाधिकारियों के संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि समाज द्वारा लिया गया। यह प्रयास अनुकरणीय है आने





वाली पीढ़ियों को यहां आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी, जिससे क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मोना सुस्तानी, देवनारायण नागर, जनपद अध्यक्ष सारंगपुर, कैलाश नागर, उपाध्यक्ष जनपद सारंगपुर, भागीरथ नागर, जनपद सदस्य, गिरवर भंडारी, भंवरसिंह पटेल, देवकरण सरपंच, दुर्गा प्रसाद सरपंच चाटक्या, नानूराम नागर, प्रेमनारायण नागर, डॉ. ओमप्रकाश नागर, डॉ. ललित नागर, कामता प्रसाद नागर एवं धीरज सिंह नागर सहित कई गणमान्य नागरिक मंचासीन रहे। सभी ने न्यास की भावी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि बाउंड्री वॉल निर्माण के बाद यहां एक विशाल शैक्षणिक परिसर विकसित किया जाएगा कार्यक्रम का संचालन घनश्याम नागर ने किया न्यास अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों और समाजबंधुओं का पुष्पमाला तथा शॉल-श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ न्यास ट्रस्ट ने संकल्प लिया है कि आने वाले वर्षों में भीलखेड़ा जोड़ पर एक आधुनिक शैक्षणिक परिसर का निर्माण कर क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**विदिशा**। संघ लोक सेवा आयोग एवं राज्य लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को राज्य शासन की सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के तहत आर्थिक सहायता दी जाएगी। योजना के अंतर्गत प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा या साक्षात्कार चरण में चयनित अभ्यर्थी प्रोत्साहन राशि के पात्र होंगे। सहायक संचालक, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने बताया कि पात्र अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों सहित कक्ष क्रमांक 117, भूतल, कम्पोजिट भवन, कलेक्टर कार्यालय विदिशा में संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं।